web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 23 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 116

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भू-गर्भशास्त्र और खनन संसाधनों के क्षेत्र में भारत और ब्राजील के बीच हुआ समझौता

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में भू-गर्भशास्त्र एवं खनन संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग पर भारत सरकार के खनन मंत्रालय के मातहत भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण और ब्राजील सरकार के खनन एवं ऊर्जा मंत्रालय में ब्राजील भू-गर्भ सर्वेक्षण-सीपीआरएम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। यह समझौता भारत सरकार के खनन मंत्रालय के तहत भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण और ब्राजील सरकार के खनन एवं ऊर्जा मंत्रालय में ब्राजील भूगर्भ सर्वेक्षण-सीपीआरएम के बीच एक संस्थानिक व्यवस्था उपलब्ध कराएगा।

### करोलबाग के आप उम्मीदवार रवि के खिलाफ गलत हलफनामा देने की शिकायत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करोलबाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी(आप) के उम्मीदवार विशेष रवि के खिलाफ निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर आप प्रत्याशी से बुधवार दो बजे तक जवाब देने को कहा गया है। करोलबाग से भाजपा के उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया ने श्री रवि के हलफनामे में उनके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित धोखाधड़ी के एक मामले की जानकारी नहीं देने की शिकायत की है। रवि पर यह मामला दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का था। इस मामले में वह निचली अदालत से बरी हो गये थे किंतु दूसरा पक्ष इसे दिल्ली उच्च न्यायालय में ले गया और वहां से नोटिस जारी हुआ है जिसकी सुनवाई 25 मार्च को होनी है।

### नए एनआईटी परिसरों की स्थापना के लिए संशोधित लागत अनुमानों को मंजूरी दी

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021-2022 तक की अवधि के लिए 4371.90 करोड़ रुपये की कुल लागत से नए एनआईटी परिसरों की स्थापना के लिए संशोधित लागत अनुमानों (आरसीई) को मंजूरी दी है। इन संस्थानों (एनआईटी) की स्थापना वर्ष 2009 में की गई थी। इन संस्थानों ने शैक्षणिक वर्ष 2010-2011 से अत्यंत सीमित जगह व अवसंरचना के साथ अपने अस्थायी परिसरों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया था। अस्थायी परिसरों के निर्माण की परियोजनाएं पूरी नहीं की जा सकीं, क्योंकि निर्माण हेतु भूखंडों को अंतिम रूप देने में विलंब हुआ तथा निर्माण के लिए मंजूर की गई धनराशि वास्तविक जरूरतों की तुलना में बहुत कम थी। संशोधित लागत अनुमानों की मंजूरी से ये संस्थान 31 मार्च, 2022 तक अपने-अपने स्थायी परिसरों में कार्य करने लगेंगे। इन संस्थानों में छात्रों की कुल क्षमता 6320 है।

### मुंबई की हवा भी हुई बेहद खराब

**» दिन में काले पड़ गए कृत्रिम फेफड़े**

मुंबई,22 जनवरी (आरएनएस)। देशभर में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई इससे भी अछूती नहीं. यहां हवा की गुणवत्ता इतनी खराब है कि बांद्रा में लगाए गए कृत्रिम फेफड़े एक हफ्ते में काले पड़ गए. स्थानीय प्रशासन ने ये कृत्रिम फेफड़े लोगों को प्रदूषण से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए लगवाए थे। प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने बीते गुरुवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में कृत्रिम फेफड़े लगवाए थे. ये फेफड़े हाइ-एफिशिएंसी पार्टिक्युलेट एयर फिल्टर के बनाए गए थे. तीन दिन में ही इन फेफड़ों का रंग ग्रे हो गया और एक हफ्ते के अंदर मंगलवार को यह पूरी तरह से काला पड़ गया।

## पांच साल में केजरीवाल की संपत्ति 1 करोड़ बढ़ी

**नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास 3.4 करोड़ रुपये की संपत्ति है और साल 2015 से इसमें 1.3 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।**

**» दिल्ली विधानसभा चुनाव**



केजरीवाल ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन में जो हलफनामा दाखिल किया, उसके मुताबिक 2015 में उनकी कुल संपत्ति 2.1 करोड़ रुपये की थी. जबकि केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के पास 2015 में नकदी और सावधि जमा (एफडी) 15 लाख रुपये की थी जो 2020 में बढ़कर 57 लाख रुपये हो गया। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लाभ (वीआरएस) के तौर पर सुनीता केजरीवाल को 32 लाख रुपये और एफडी मिले, बाकि उनका बचत धन है।

मुख्यमंत्री के पास नकदी और एफडी 2015 में 2.26 लाख रुपये की थी जो 2020 में बढ़कर 9.65 लाख हो गयी।

उनकी पत्नी की अचल संपत्ति के मूल्यांकन में कोई बदलाव नहीं हुआ है जबकि केजरीवाल की अचल संपत्ति 92 लाख रुपये से बढ़कर 177 लाख रुपये हो गयी. पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि 2015 में केजरीवाल की जितनी अचल संपत्ति थी, उसके भाव में बढोतरी के कारण यह यह वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2020 का विधानसभा चुनाव नई दिल्ली विधानसभा सीट से लड़ रहे हैं. केजरीवाल ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया. केजरीवाल से पहले उम्मीदवारों की लंबी लाईन लगी रहने के कारण उन्हें करीब 6 घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

उनके खिलाफ कांग्रेस ने रोमेश सभरवाल और बीजेपी ने सुनील यादव को चुनावी मैदान में उतारा है. आप नेता यह विधानसभा चुनाव दिल्ली में किए काम के भरोसे जीतने की बात कर रहे हैं. वहीं बीजेपी को मोदी के करिश्मे पर भरोसा है. दिल्ली में 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. यहां का चुनावी परिणाम की घोषणा 11 फरवरी को होगी।

## मंगलुरु हवाईअड्डे पर बम रखने वाला संदिग्ध गिरफ्तार

**बेंगलुरू (आरएनएस)। मंगलुरु हवाई अड्डे पर बम रखने वाले संदिग्ध को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया गया।**



जब उसने कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय पर जाकर समर्पण कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सोमवार को एक देसी बम (आईईडी) रखने के मामले में प्रमुख संदिग्ध आदित्य राव को डीजीपी के कार्यालय में समर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने आगे बताया, राव को जांच के लिए राज्य द्वारा संचालित विक्टोरिया अस्पताल में ले जाया जाएगा और इसके बाद उसे उसकी हिरासत और मामले की जांच के लिए स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## आज प्रथम सुकुमार सेन स्मृति व्याख्यानमाला में प्रणव देंगे व्याख्यान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग की शुरुआत के 70 वर्ष पूरे होने पर, आयोग ने भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में एक वार्षिक व्याख्यानमाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। सुकुमार सेन (1898-1963) ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए प्रथम दो आम चुनावों को सराहनीय तरीके से संचालित किया था। इसके परिणामस्वरूप भारत को लोकतंत्र के नक्शे पर समुचित स्थान मिला। भारत निर्वाचन आयोग के संवैधानिक शासनादेश के भीतर राष्ट्र के लोकतांत्रिक विमर्श को सकारात्मक बनाना इस व्याख्यानमाला का लक्ष्य है।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 23 जनवरी को पहला व्याख्यान देने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है। सार्वजनिक जीवन में उनकी उपलब्धियों को लेकर वर्ष 2019 में उन्हें गणतंत्र के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अपने 50 वर्ष से अधिक के करियर में, मुखर्जी ने अलग-अलग समय में वित्त, वाणिज्य, विदेश एवं रक्षा मंत्री के पदों को सुशोभित किया। मुखर्जी के पास व्यापक राजनयिक अनुभव है और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक एवं अफ्रीकी विकास बैंक जैसे बहुपक्षीय संस्थाओं के बोर्ड ऑफ गवर्नर के रूप में कार्य किया है। आर्थिक, संवैधानिक तथा ऐतिहासिक मामलों के अत्यधिक ज्ञान के कारण मुखर्जी को अत्यधिक सम्मान प्राप्त है।

### ठाणे में फैक्ट्री में विस्फोट, 1 की मौत, 2 घायल

**ठाणे (महाराष्ट्र) (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक निजी केमिकल फैक्ट्री में बुधवार को विस्फोट हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बदलापुर के एमआईडीसी परिसर में स्थित फैक्ट्री में आग लगने के बाद सुबह लगभग नौ बजे विस्फोट हो गया। उस समय फैक्ट्री में कई कर्मी सुबह की शिफ्ट में काम कर रहे थे। कंपनी का नाम के.जे. रेमेडीज है और दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर भेज दी गई हैं। धमाके कारण फिलहाल पता नहीं चला है। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है।

## दिल्ली में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम

**» 22 ट्रेनों सहित 30 फ्लाइट्स प्रभावित**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी और आसपास के इलाकों में मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते दिल्ली के तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है जिसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर के इलाके में फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। बुधवार सुबह को दिल्ली और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम हो गया है। विजिबिलिटी में कमी आने के कारण ट्रेन के साथ हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, 22 ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, 30 उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, पांच उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा है। वहीं, विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों ने खारब मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया है। फिलहाल एयरपोर्ट की रनवे की विजिबिलिटी 150 मीटर दर्ज की गई है। बता दें, पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से भी दिल्ली एनसीआर में काफी ठंड बढ़ी है। इस ठंड में देश के जवान गणतंत्र दिवस की तैयारियों में जुटे हैं। इससे पहले शनिवार सुबह 8 बजे दिल्ली का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ो पर हो रही बर्फबारी की वजह से दिल्ली सहित मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एनसीआर में कोहरा देखने को मिला और वायु गुणवत्ता इस दौरान खराब श्रेणी में रही।

### प्रधानमंत्री ने 32वें पहली 'प्रगति' बैठक में 11 मुद्दों पर चर्चा की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पहली 'प्रगति' बैठक की अध्यक्षता की। यह प्रधानमंत्री की प्रगति के माध्यम से 32 सेकंड की बातचीत को चिन्हित करती है। प्रगति केन्द्र और राज्य सरकार को शामिल करते हुए सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन के लिए आईसीटी आधारित मल्टी-मॉडल मंच है। बैठक में प्रधानमंत्री ने 11 बातों पर चर्चा की। इसमें से 9 देरी हुई परियोजनाएं हैं। यह 9 परियोजनाएं 24,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की है और 9 राज्यों-ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल और उत्तर प्रदेश तथा तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में फैली हैं। इन परियोजनाओं में 3 रेल मंत्रालय, 5 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और 1 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हैं। बीमा योजनाओं के तहत प्रगति-पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई योजनाओं की समीक्षा इस बैठक में प्रधानमंत्री ने वित्तीय सेवाओं के विभाग के तहत बीमा योजनाओं जैसे 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' (पीएमजेजेबीवाई) और 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' (पीएमएसबीवाई) से संबंधित शिकायतों के बारे में हुए कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की।

## नड्डा और शाह ने दिल्ली भाजपा की चुनावी तैयारियों का लिया जायजा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा अध्यक्ष पद छोड़ने के बावजूद गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में चुनाव की बागडोर संभाल रखी है। लिहाजा अमित शाह दिल्ली चुनाव में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहते। इस सिलसिले में मंगलवार को देर रात गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दिल्ली भाजपा के नेताओं के साथ मैराथन मीटिंग की। बैठक दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। ये पहली बार है कि इस तरह की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई हो। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बैठक में बिजली, पानी, सभाओं से लेकर किन-किन मुद्दों के साथ चुनाव में जाना है उसपर चर्चा हुई । बैठक में केजरीवाल सरकार के फ्री पानी योजना की काट के लिए तय किया गया कि दिल्ली की जनता को बताया जाय कि भाजपा सरकार शुद्ध पानी लोगों को मुहैया करायेगी। इसलिए पानी के लिए नारा होगा फ्री पानी नहीं, साफ पानी चाहिए।

बैठक में यह भी तय किया गया है कि 200 यूनिट तक फ्री बिजली की योजना पर भाजपा की तरफ से बयानबाजी न हो। सिर्फ यह प्रचार करना है कि यह योजना सिर्फ एक साल के लिए केजरीवाल सरकार ने लागू किया है। चुनाव के बाद यह योजना खत्म हो जायेगी। इसलिए जनता को भाजपा पर ही भरोसा करना चाहिये। इसके उलट यह प्रचार करना है कि केंद्र सरकार ने एलईडी बल्ब के दाम को कम किया जिससे बिजली की बिल कम आ रही है। जानकारी मिली है कि केंद्रीय नेताओं ने दिल्ली भाजपा नेताओं को कहा है कि अपनी सभाओं में नागरिकता संशोधन कानून और धारा 370 को मुद्दा बनाये और जनता को यह बताये की किस कदर आप की सरकार ने फर्जी वीडियो और अपने विधायको के जरिये राजधानी में हिंसा फैलाने की कोशिश की। इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाने को कहा गया है।

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद जाएंगे शाहीन बाग

**» महिलाओं के धरने में शामिल होंगे**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को अदालत ने दिल्ली आने की अनुमति दे दी. इसके बाद बुधवार को आजाद ने घोषणा की कि वह शाहीन बाग जाएंगे. शाहीन बाग में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से नागरिकता संशोधन कानून, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ 500 से ज्यादा महिलाएं धरने पर बैठी हुई हैं. आपको बता दें कि भीम आर्मी चीफ को मंगलवार को तीस हजारी कोर्ट ने दिल्ली आने की सशर्त अनुमति दी है। तीस हजारी कोर्ट ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा था कि वह चंद्रशेखर आजाद को दिल्ली में आने की सशर्त इजाजत देती है. आजाद की याचिका पर तीस हजारी कोर्ट ने यह आदेश दिया है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि, हम नहीं चाहते कि आप वहां जाएं जहां पहले से कोई रैली हो रही हो. डेमोक्रेसी में चुनाव सबसे बड़ा पर्व होता है. कोर्ट ने ये भी कहा कि डेमोक्रेसी को सेलिब्रेट करने के लिए चुनाव फ्री एंड फेयर होना चाहिए।

कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि जिस तरीके से आज सोशल मीडिया है, इससे आप अपनी बात अपने प्रशंसकों तक पहुंचा सकते हैं।

## कांग्रेस ने दिल्ली के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**» पंजाब से कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिद्धू शामिल**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी सूची के अनुसार श्रीमती गांधी, श्रीमती वाड्रा और गांधी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद पार्टी के प्रचार की कमान संभालेंगे। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेता पीसी चाको, पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

इसके अलावा अजय माकन, जे. पी. अग्रवाल, श्रीमती मीरा कुमार, कपिल सिब्बल, राज बब्बर, शशि थरुर, हरीश रावत, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, शत्रुघ्न सिन्हा, नवजोत सिंह सिद्धू , ज्योतिरादित्य सिंधिया, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, कीर्ति आजाद, उदित राज, नदीम जावेद, श्रीमती रंजीता रंजन, कुलजीत सिंह नागरा, राजकुमार चौहान, श्रीमती सुष्मिता देव, बी. वी. श्रीनिवास, सुश्री नगमा मोरारजी, नीरज कुंदन, श्रीमती शर्मिष्ठा मुखर्जी, श्रीमती रागिनी नायक, श्रीमती खुशबू सुंदर, नितिन राउत और श्रीमती साधना भारती शामिल हैं।

### आगरा में आलू के निर्यात के लिए हुई जागरूकता शिविर

**आगरा (आरएनएस)।** भारत सरकार द्वारा घोषित कृषि निर्यात नीति के तहत क्लस्टरों के विकास के लिए, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) अधिसूचित क्लस्टरों में बैठकें आयोजित कर रहा है। अब तक 25 उत्पाद क्लस्टरों में बैठकें आयोजित की गई हैं। क्लस्टर के विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 10 दिनों में 11 बैठकें आयोजित की गई हैं। अंडों के क्लस्टरों में ये बैठकें आयोजित की गई हैं।

## डाउटफुल सिटिजन मार्क किए गए हैं यूपी के 19 जिलों में लोग

**» सुप्रीम कोर्ट में बोले अभिषेक मनु सिंघवी**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. इसके खिलाफ शीर्ष अदालत में 140 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं. बुधवार को सर्वोच्च अदालत में इन मामलों पर सुनवाई शुरू हुई. बहस के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने चौंकाने वाली दलील दी है. मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दलील देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के लोगों को डाउटफुल सिटिजन के तौर पर मार्क किया गया है. ऐसे में यदि शीर्ष अदालत इस प्रक्रिया को नहीं टालती है तो क्या इससे लोगों के मन में असुरक्षा की भावना नहीं आएगी? सिंघवी का कहना है कि अगर यह प्रक्रिया पिछले 70 साल से शुरू नहीं हुई तो क्या इसे कुछ महिनों के लिए रोका नहीं जा सकता।

बता दें, नागरिकता कानून यानी सीएए को लेकर दायर 140 से ज्यादा याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई. इस दौरान वकीलों ने बारी-बारी से अपनी बात रखी. प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, जस्टिस अब्दुल नजीर, जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने इन सभी याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को 4 हफ्ते का वक्त दिया है. चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने कहा है कि केंद्र के जवाब के बाद पांच जजों की बेंच इस मामले पर सुनवाई करेगी कि इसपर स्टे लगाना है या नहीं. अब इस मसले को चार हफ्ते बाद सुना जाएगा. उसी दिन संवैधानिक बेंच बनाने पर भी फैसला किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने नागरिकता कानून की प्रक्रिया को तीन महीने के लिए टालने की मांग की, जिसपर कोर्ट ने कहा कि वह कोई एकतरफा रोक नहीं लगा सकती।